हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]




## खबर संक्षेप

### विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन कल

**अम्बिकापुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत 15 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है।



सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का मुख्य विषय वोकल फॉर लोकल रहेगा, जिसमें प्रदेश भाजपा से आमंत्रित अतिथि विषय वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए दिए गए सोच और संकल्प को आगे बढ़ाते हुए यह अभियान स्थानीय उद्योग, व्यापार और उद्यमिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं अरुणा सिंह ने विधानसभा अंतर्गत आने वाले वोकल फॉर लोकल के छोटे-बड़े उद्यमियों, व्यापारियों, कामगारों तथा भाजपा के सभी छह मंडलों महामाया, समलाया, अम्बिकापुर ग्रामीण, लखनपुर, देवगढ़ व रामगढ़ के पदाधिकारियों से समय पर सम्मेलन में शामिल होने कहा है।

### 10 करोड़ से होगा डामरीकरण

# शहरवासियों को जर्जर सड़क से मिल सकेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- ननि 18 करोड़ की लागत से कराएगा विभिन्न कार्य, आज से होगी शुरुआत

बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद अब शहर के लोगों को जर्जर और धूल धूसरित सड़क से मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है। नगर निगम द्वारा शहर में लोगों को जर्जर सड़कों से मुक्ति दिलाने के लिए 18 करोड़ के कार्यों का टेंडर पूर्ण कर लिया गया है और मंगलवार से निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। इसमें 10 करोड़ के डामरीकरण के कार्य के साथ ही 8 करोड़ रुपए से सीसी सड़क, नाली व अन्य कार्य भी शामिल है। हालांकि डामरीकरण के कार्य को शुरू होने में अभी दस दिनों का समय लग सकता है लेकिन तैयारियां शुरू कर दी गई है।

बारिश के मौसम में शहर वासियों को जर्जर सड़कों के कारण खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। समय रहते शहर के सड़कों पर बने गड्ढों के मरम्मत का कार्य नहीं हो पाया और बारिश के समय वाहनों के आवागमन से गड्ढों का आकार बड़ा हो गया। इस दौरान गड्ढों और जर्जर सड़कों के कारण लोगो को खासी परेशानियों का सामना करना पडा। शहर में आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार भी हुए। बारिश में एक तरफ लोग गड्ढों और कीचड से परेशान थे तो वही अब ⏭ शेष पेज 8 पर



जर्जर एनएच।

### जोन वार कराया जाएगा कार्य

बताया जा रहा है कि नगर निगम में 10 करोड़ रुपए की लागत से डामरीकरण के कार्यों व 8 करोड़ रुपए की लागत से सीसी सड़क, नाली के कार्यों की स्वीकृति दी गई है। डामरीकरण का कार्य जोन वार कराया जाएगा। मंगलवार महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की मौजूदगी में शहर में डामरीकरण के कार्यों की शुरुआत की जाएगी। लगभग 3 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत जोन क्रमांक 3 से की जाएगी। इस हेतु ननि ने अपनी ओर से तैयारी पूर्ण कर ली है। हालांकि डामरीकरण का कार्य शुरू होने में अभी भी 10 से 15 दिन का समय लग सकता है क्यों कि मजदूर भी फिलहाल अपने त्यौहारों में व्यस्त है और छठ पर्व के बाद ही निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।

### प्रमुख सड़कें एनएच, लोनिवि के पास

नगर निगम द्वारा भले ही डामरीकरण के कार्य शुरू किए जाएंगे लेकिन शहर के प्रमुख व्यावसायिक मार्गों की सड़कें लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के पास ही है। इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य ननि नहीं करा सकता ऐसे में इन सड़कों के मरम्मत का कार्य संबंधित विभागों को ही कराना है लेकिन उनकी ओर से अब तक प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है। ऐसे में वर्तमान में इन सड़कों पर लोगों को कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

### कराए जाएंगे विकास कार्य

शहर में 18 करोड़ रुपए की लागत से डामरीकरण, सीसी सडक निर्माण व अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। जोनवार कार्यों की शुरुआत मंगलवार से की जाएगी। एनएच और लोक निर्माण विभाग से भी सड़कों के मरम्मत कराने हेतु चर्चा की गई है।

-श्रीमती मंजूषा, भगत महापौर









खबर संक्षेप



## ब्लॉक स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ, 16 टीमों ने लिया भाग

**प्रतापपुर।** ब्लॉक स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ आज स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में किया गया जिसमें प्रतापपुर ब्लॉक अंतर्गत 16 टीम ने भाग लिया है। स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह एवं नव युवक मंडल अध्यक्ष मोहनपांडे खेल समिति अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता ने पार्वतीपुर व गुमिदाड़ के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच काफी रोमांचक रहा। दोनों टीम ने अच्छा खेल का प्रदर्श्रन किया। इधर गुमिदाड़ की टीम ने बेहतरीन खेल व तालमेल का परिचय देते हुए केवरा पार्वतीपुर 2-0 से पराजित किया। ज्ञात हो की प्रतापपुर क्षेत्र में फुटबॉल खेल हमेशा लोकप्रिय रहा है। प्रतापपुर में फुटबॉल मैच का रोमांचक प्रदर्शन देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय बस स्टैंड स्टेडियम ग्राउंड में खेल प्रेमी उपस्थित होते हैं। इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरविंद कश्यप, पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह, नंदलाल तिवारी, मनोज, शिव शंकर सिंह, भोलू, अफजल, रहीम खान, विजय, कॉमेंटेटर अक्षय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## आमसभा में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों का मनोनयन



**अम्बिकापुर।** सर्व ब्राह्मण समाज की आमसभा संरक्षक आरएन अवस्थी की अध्यक्षता में रविवार को हुई। आमसभा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेश तिवारी, सचिव विनोद तिवारी, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी का मनोनयन किया गया। चुनाव का संचालन संयोजक निवास आयंगर एवं समिति के द्वारा किया गया। इस दौरान कौशलेन्द्र पाण्डेय, विकास पाण्डेय, आलोक दुबे, आईबी तिवारी द्वितेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र पाण्डेय, चन्द्रसेन तिवारी, बच्चू तिवारी , केपी दीक्षित, अनिल तिवारी , इति चतुर्वेदी, वसुधा तिवारी, किरण मिश्रा, मधु दीक्षित, बिना दुबे, ज्योति द्विवेदी, देवकी त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### सभी बालिकाओं ने अपने-अपने लक्ष्य को किया साझा

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर पुलिस एवं स्वैच्छिक संगठनों ने किया बालिकाओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बलिका को सम्मानित करते सरगुजा एसपी।

सरगुजा पुलिस एवं सरगुजा जिले के स्वैच्छिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में संचालित नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढ़िल्लो एवं वरिष्ठ समाजसेविका वंदना दत्ता के आतिथ्य में आयोजित किया गया।

**खास बात**

- बालिकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उनके सकारात्मक योगदान के लिए किया गया सम्मानित

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने बालिका दिवस के अवसर पर कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस थीम समान अवसर सुरक्षित भविष्य के तहत बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और नेतृत्व में समान अवसर सुनिश्चित करने पर केन्द्रित है। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बालिकाओं से चर्चा करते हुए उनके लक्ष्य को पूछा तो सभी बालिकाओं ने अपने - अपने लक्ष्य को साझा किया। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान अवसरों के प्रति समुदाय को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है।कई देशों में आज भी बेटियों को शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। इसी उद्देश्य को गम्भीरता से लेते हुए आज नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर शहर की शाल,श्रीफल एवं मिष्ठान भेंट कर अतिथियों के हाथों उन्हें सम्मानित कराना सराहनीय कदम है। समाजसेवी मंगल पाण्डेय कहा कि बालिकाओं को समान अवसर सुरक्षित कराना एवं देश के विकास, एवं निर्णय प्रक्रिया में समान सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक जन - जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को अनिल कुमार मिश्रा, समाज सेविका वन्दना दत्ता, अजय तिवारी, उमाशंकर पांडेय, विजय शंकर तिवारी ने भी अपने -अपने वक्तव्य दिए। मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों द्वारा बालिका मेघा सिंह, अदिति सिंह, दृष्टि सिंह ठाकुर, अवतीक ठाकुर, प्रकाशिता ठाकुर, चेतना पाण्डेय, शिफा फातिमा, खुश्बू तिवारी, दीक्षा भारती, दृष्टि भारती, यशस्वी मिश्रा, नील्या मिश्रा, सिद्धी उपाध्याय,अक्षदा उपाध्याय, मनीषा श्रीवास्तव, शान्वी ओझा को सम्मानित किया गया। इस दौरान नवा बिहान टीम के सदस्य मनोज भारती, अमृत लाल प्रधान, सुनिधि शुक्ला रीना ठाकुर, संध्या सिंह, विजय उपाध्याय, पूजा पाण्डेय, रेहान रजा खान सहित अन्य मौजूद रहे।

# भाई ने शराब पीने से मनाकर जड़ दिया थप्पड़ तो किशोरी ने लगा ली फांसी



**अंबिकापुर।** बहन को शराब पीने से मना करना युवक को भारी पड़ गया। शराब पीने से मना करते हुए थप्पड़ लगाने से नाराज किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी की मौत के बाद पुलिस ने मर्ग जांच उपरान्त इस मामले में भाई को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के लिए गिरफ्तार कर लिया है।

- अब बहन को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में युवक गिरफ्तार

बलरामपुर जिले के कोरंधा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पत्थलटोली सुरबेना निवासी 17 वर्षीया राधा केरकेट्टा आ. जयलाल केरकेट्टा 8 अक्टूबर को एपीआई सहेली के साथ करमा त्यौहार देखने के लिए बस्ती की तरफ गई थी और शाम 4 बजे वापस पैदल घर आने के बाद सो गई। शाम 6.30 से 7 बजे के बीच किशोरी का भाई विकास केरकेट्टा भी करमा मनाकर वापस लौटा तो देखा कि उसकी बहन नशे में है और अनाप शनाप बोल रही है। ऐसे में युवक ने पानी छोटी बहन को हडिया शराब पीने से मना किया जिसपर राधा ने अपने ही भाई से विवाद शुरू कर दिया। विवाद करने पर युवक ने बहन को दो थप्पड़ मार दिए और सोने के लिए चला गया। विवाद के बाद किशोरी भी बिस्तर पर सो गई लेकिन 9 अक्टूबर की सुबह युवक के भाई विपुल केरकेट्टा ने आकर बताया की राधा ने पकरी पेड़ की डंगाल के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द किया। पुलिस की जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि गाली गलौज और मारपीट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। इस मामले में पुलिस ने मृतिका के भाई 25 वर्षीय विकास केरकेट्टा आ. जयलाल केरकेट्टा को बीएनएस की धारा 108 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोरंधा अमर सिंह कोमरे, सउनि सुरेश राम, प्रधान आरक्षक शैलेश कुमार सिंह, निर्मल एक्का, आरक्षक अनिल कुजूर, आशिष निश्चल तिर्की, रंजित टोप्पो, महिला आरक्षक सरिता एक्का, आशा एक्का, सैनिक सुरेश तिर्की सक्रिय रहे।





# एनएच में जीप को टक्कर मारते हुए बंद दुकान में घुसी अनियंत्रित बोलेरो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

रविवार की रात एनएच 43 अंबिकापुर- सूरजपुर मुख्य दोनों चालक गंभीर मार्ग स्थित केशवनगर में अंबिकापुर से सूरजपुर की तरफ जा रही अनियंत्रित रफ्तार बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 18 जेड सी 904 के चालक ने सामने से आ रही कमांडर जीप को टक्कर मार दी जिसके कारण वाहन बंद दुकान में जा घुसी, रात्रि होने से मौके पर किसी के नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया।

- प्राथमिक उपचार पश्चात जिला अस्पताल सूरजपुर किये गये रेफर

घटना में बोलेरो चालक और जीप चालक दोनों को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है,सूचना पर मौके पर पहुंची बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों वाहनों के घायल हुए चालकों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है,घटना में बोलेरो वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है,पुलिस ने बताया कि बोलेरो चालक एमपी शहडोल निवासी अनिल कुमार गुप्ता रविवार को अंबिकापुर से सूरजपुर की तरफ जा रहा था, इसी दौरान रात्रि करीब साढ़े आठ बजे उक्त घटना घटी है।

# सूने मकानों का ताला तोड़कर नकदी व सामान की चोरी

**लखनपुर।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 झीनपुरी पारा बीती रात चोरों ने दो सूने मकान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर मकान का ताला तोड़कर घर से नगदी समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस अब इस मामले में घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि झीनपूरी पारा निवासी काशीनाथ साहू रायपुर में निवास करते है जबकि विजय नारायण पाण्डेय भी वर्तमान में अम्बिकापुर में रहते है। काशीनाथ साहू और विजय नारायण पाण्डेय का मकान सूना पड़ा हुआ था। ऐसे में चोरों ने बीती रात मकान का ताला तोड़कर कासीनाथ साहू के मकान से 15 हजार नगद अन्य सामान तथा विजय नारायण पांडे के घर से महंगे बर्तन की चोरी कर ले गए। इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वार आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है





तन्मय मोटर्स
भारत माता चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर
मो.- 8839213489, 8839543464


पुष्य नक्षत्र, धनतेरस, दीपावली एवं छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
॥ श्री दर्शनम् ॥
Hero
आया उपहारों वाला त्यौहार हीरो पे सवार
सरगुजा संभाग में हीरो के अग्रणी डीलर
आनन्द हीरो लायें है ऑफर्स की बरसात
पिछले 27 वर्षो से लगातार आपकी सेवा में तत्पर
खरीदी पर ₹ 25000/- की छूट
ऑफर्स
1. स्क्रैच करें और पायें निश्चित उपहार।
• रेफ्रीजरेटर • वॉशिंग मशीन • LED टीवी • AIR कूलर
• स्मार्ट वॉच • आयरन • डिनर सेट • लंच बॉक्स • केसरोल
2. स्क्रैच करें और पायें आपकी हीरो गाड़ी का 100% कैशबैक
सोने का सिक्का
चांदी का सिक्का
OTT सब्सक्रिप्शन
3. दीवाल घड़ी
4. फ्लिपकार्ट ऑफर्स
छूट 35,000/-
कैश बोनस ₹ 3500**
नियम व शर्तें लागू**
22 SEPTEMBER TO 23 OCTOBER
GST लाभ 15000 रु. तक
उपरोक्त सभी उपहार आनन्द हीरो मोटरसाइकिल एवं स्कूटर क्रेता के नाम
हीरो पे होके सवार चला है मेरा यार...
आनन्द ऑटोमोबाईल्स
आनन्द नगर, अम्बिकापुर एवं देवीगंज रोड़, अम्बिकापुर
मो. 92899 22359
मो. 77710 08605
मेन रोड़, भैयाथान, जिला - सूरजपुर
मो. 77710 08604
आनन्द परिवार कि ओर से धनतेरस - दीपावली एवं छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।


ANAND AUTOMOTIVE
ASHOK LEYLAND
Koi Manzil Door Nahin
स्क्रैच करें और पायें निश्चित उपहार
Refrigerator
PRIZES**
KHUSHIYON Ka Khazana
September - November 2025
Ashok Leyland LCV Presents
Scratch Card Offer for Consumers for this Festival Season
प्रत्येक खरीदी पर पायें दीवाल घड़ी
नियम व शर्तें लागू**
GST लाभ 99,999 रु. तक **
आनन्द ऑटोमोटिव
आनन्द नगर अम्बिकापुर,
जशपुर
पत्थलगांव
कोरिया
मनेन्द्रगढ
मो. न. सेल्स - 9111002501, 03, 04, 06, 08
सर्विस नं. - 9111002512, 9111002525


ANAND FUELS
• 24 घंटे सेवा उपलब्ध
• प्योर और पूरा- दोनों ही
• Automated Retail Outlet
• IOCL Clear Blue DEF उपलब्ध
• Cashless, Loyalty Cards Xtra Power
Fleet Card Xtra Rewards
इंडियनऑयल
IndianOil
SERVO
प्रदीप गुप्ता
गरुड़ध्वज गुप्ता
( गुलशन गुप्ता )
नितीन गुप्ता
आनन्द फ्यूल्स | अंजू नगर, एनएच-130 बिलासपुर रोड, लहपटरा, सरगुजा छ.ग.

## खबर संक्षेप

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शुरू

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्वीप कार्ययोजना के तहत राज्य में मतदाता जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से उच्च शिक्षण संस्थानों में विविध अकादमिक एवं रचनात्मक गतिविधियों की शुरूआत की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छग के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जिले में दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण में विद्यार्थियों के बीच लोकतंत्र की भावना को सशक्त बनाने के लिए परिचर्चा, निबंध लेखन एवं नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। परिचर्चा का विषय है लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीति -क्या हम असली मुद्दों से भटक रहे हैं। निबंध प्रतियोगिता का विषय लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया पर मीडिया की भूमिका, निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित प्रासंगिक विषयों पर नुक्कड़ नाटक संस्थान की सहमति से आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों को मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले प्रेरक नारे तैयार करने होंगे।

### युक्तियुक्तकरण की अंतिम सूची प्रकाशित

**मनेन्द्रगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से प्राप्त अनुमोदन उपरांत जिले के मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट जिला एमसीबी के आदेशानुसार नए मतदान केन्द्रों के गठन, स्थल एवं अनुभाग परिवर्तन तथा नए अनुभाग निर्माण से संबंधित प्रस्तावों को भारत निर्वाचन आयोग की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर के हैंडबुक के अध्याय 2 के पैरा 2.9.1 के निर्देशानुसार विधानसभावार मतदान केन्द्रों की अंतिम सूची प्रारूप-6 में तैयार की गई है।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बैकुण्ठपुर।** अपर कलेक्टर ने तहसील सोनहत के ग्राम रावतसरई के निवासी रामकुंवर की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस श्रीराम आत्मज शिखुराम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**अनूपपुर।** एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर एक युवक ने उसके साथ अवैध संबंध स्थापित किया गया। पीड़िता की शिकायत पर भालूमाड़ा पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 441/2025 धारा 64 (1),332 (बी), 351 (3) बीएनएस एवं 3,4 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी धर्मेन्द्र चौधरी पिता रामलखन चौधरी 20 वर्ष निवासी चकौड़िया थाना जैतपुर जिला शहडोल के विरूद्ध कार्रवाई की। पीड़िता कुमार सियावती परिवर्तित नाम राम प्रसाद रैदास 17 वर्ष निवासी छोहरी थाना भालूमाड़ा के साथ शादी की झांसा देकर उक्त आरोपी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की 14 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के मंथन कक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्नेहलता उदय गोंड़, सुरेश सिंह, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्रीमती संगीता सोनवानी, राजेश कुमार साहू, श्रीमती सुषमा कोराम और सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### दिल्ली, प्रयागराज, वाराणसी के लिए अब भी कोई सीधा मार्ग नहीं

# 70 साल बाद भी रायपुर तक सीधी ट्रेन नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

देश की ऊर्जा में अपना योगदान देने वाले मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी क्षेत्र आज भी रेल सुविधा के मामले में पूरी तरह उपेक्षित हैं, जिस धरती से प्रतिदिन हजारों टन कोयला देश के उद्योगों, बिजलीघरों और कारखानों तक पहुंचता है, उसी क्षेत्र के लोगों को राजधानी रायपुर तक पहुंचने के लिए कई ट्रेनों का सहारा लेना पड़ता है।

यह विडंबना नहीं, बल्कि क्षेत्र की दशकों पुरानी उपेक्षा की जीती-जागती मिसाल है। स्वतंत्रता के सात दशक और राज्य गठन के 25 वर्ष बीत चुके, लेकिन मनेन्द्रगढ़ से रायपुर तक की सीधी रेल सेवा आज तक शुरू नहीं हो सकी। यात्रियों को अब भी अनूपपुर, बिलासपुर या बिजुरी में ट्रेन बदलकर लंबा और थकाऊ सफर तय करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि यातनाबन चुकी है। चिरमिरी-रीवा ट्रेन, जो रोज चलती थी, उसकी सेवा घटाकर सप्ताह में सिर्फ तीन दिन कर दी गई है, इससे दैनिक यात्रियों, छात्रों और कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पहले से सीमित रेल सेवाओं को और कम करना जनता के साथ सीधा अन्याय है। रामकुमार सिंह व्यापारी चिरमिरी ने कहा कि हम हर दिन देश को ऊर्जा देते हैं, लेकिन हमें एक सीधी ट्रेन तक नहीं मिलती। नेताओं ने बस वादे किए, काम कोई नहीं। नीलम सिंह शिक्षिका मनेन्द्रगढ़ रायपुर जाना किसी परीक्षा से कम नहीं। ट्रेनें बदलो, स्टेशन पर ठहरो महिलाओं और बुजुर्गों के लिए तो यह बहुत मुश्किल है। आकाश मिश्रा युवा सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि रीवा ट्रेन की कटौती जनता के जले पर नमक है।

■ रीवा ट्रेन घटाने से भड़के यात्री

सरकार को अब गंभीरता से ध्यान देना होगा। संतोष गुप्ता कर्मचारी ने कहा कि अगर रीवा ट्रेन तीन दिन ही चलेगी तो बाकी चार दिन नौकरी पर कैसे जाएंगे, ये फैसला गरीबों के खिलाफ है।

### दिल्ली-वाराणसी प्रयागराज से अब भी दूर

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी और आसपास के क्षेत्रों में देश के कई राज्यों के लोग बसे हैं, परंतु आज तक यहां से प्रयागराज, वाराणसी और दिल्ली के लिए कोई सीधी ट्रेन शुरू नहीं की गई। यह वहीं क्षेत्र है, जो देश की अर्थव्यवस्था को ऊर्जा देता है, फिर भी यह खुद सुविधा के अंधेरे में हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि हर चुनाव में नेताओं ने सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने के वादे किए, लेकिन चुनाव जीतने के बाद सब भुला दिए गए। विकास की बात करने वाले जनप्रतिनिधि भी इस मुद्दे पर मौन हैं।

### अब वादा नहीं कार्रवाई चाहिए

मनेन्द्रगढ़ से रायपुर तक सीधी ट्रेन सेवा शीघ्र शुरू की जाए, चिरमिरी-रीवा ट्रेन को फिर से दैनिक रूप में चलाया जाए। प्रयागराज, वाराणसी और दिल्ली के लिए नई सीधी ट्रेनें जोड़ी जाएं। लोगों का कहना है कि अगर अब भी प्रशासन नहीं जागा, तो यह आंदोलन का रूप ले सकता है। मनेन्द्रगढ़ का यह आक्रोश अब सिर्फ रेल सुविधा का नहीं, सम्मान और हक का सवाल बन चुका है।



# चरचा की मुख्य सड़क बदहाल, सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

क्षेत्र के पुराना थाना से लेकर चरचा बाहरी मार्ग तक की सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बरसाती पानी भरा हुआ है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मार्ग छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की मुख्य राह है और आने वाले छठ पर्व के पूर्व सड़क की बदहाली श्रद्धालुओं के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। कीचड़ और गड्ढों से भरे इस मार्ग से होकर श्रद्धालुओं को छठ घाट तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र का एकमात्र छठ घाट इसी मार्ग पर स्थित है, जहां पूरे इलाके के श्रद्धालु सूर्य अर्घ्य के लिए एकत्रित होते हैं, लेकिन भारी ट्रकों की लगातार आवाजाही और सड़क किनारे मनमाने ढंग से वाहनों की पार्किंग से जाम की स्थिति गंभीर बनी हुई है। ट्रक चालकों का कहना है कि उन्हें ठेकेदारों द्वारा वहीं वाहन खड़ा करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि एसईसीएल प्रबंधन और ठेकेदारों की मिलीभगत से यह अव्यवस्था चल रही है और न तो ट्रैफिक व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है, न ही सड़क मरम्मत पर। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो छठ पर्व के दौरान किसी बड़े हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। महिलाएं और बुजुर्ग श्रद्धालु घाट तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे आस्था का यह महापर्व संकट में है।

■ छठ पर्व में श्रद्धालुओं को होगी परेशानी

# श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** एकता नगर वार्ड क्रमांक 4 में सोमवार को स्वच्छता और जनभागीदारी की मिसाल पेश करते हुए वार्ड पार्षद श्रीमती कविता जगदीश मधुकर ने स्वयं श्रमदान कर मिनी पार्क की साफ-सफाई में हिस्सा लिया।

बरसात के मौसम के समाप्ति की ओर बढ़ते ही कॉलोनियों और गलियों में गाजर घास तथा झाड़ियां तेजी से फैल चुकी हैं, जिससे न सिर्फ वातावरण दूषित हो रहा था, बल्कि मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा था, इसे देखते हुए पार्षद मधुकर ने अपने स्तर पर आगे आकर साफ-सफाई अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वार्ड के प्रत्येक कॉलोनी में



जहां-जहां गाजर घास और झाड़ियां उग आई हैं, वहां जल्द ही सफाई अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छ वातावरण हमारी प्राथमिकता है और इसमें सभी नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। इस श्रमदान कार्यक्रम में कई वार्डवासी भी शामिल हुए और अपनी श्रम शक्ति से सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीमती हेमलता केंवट, श्रीमती अनुसूईया केंवट, सुनीत बंजारे, विजय केंवट, सुशील बंजारे तथा अमर जांगड़े ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी ने मिलकर मिनी पार्क की सफाई की और झाड़ियों को काटकर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में नगर कांग्रेस कमेटी खोंगापानी के अध्यक्ष और पूर्व वार्ड पार्षद जगदीश मधुकर ने उपस्थित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामाजिक कर्तव्य है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का भव्य आयोजन प्रज्ञा मंडल चरचा के द्वारा किया गया।

यह परीक्षा अविभाजित कोरिया जिले के 78 विद्यालयों में एक साथ संपन्न हुई, जिसमें कुल 3499 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भारतीय संस्कृति, परंपरा तथा नैतिक मूल्यों के प्रति गहरी रुचि दिखाई।



परीक्षा के दौरान बच्चों में प्रतियोगिता केक साथ-साथ अपने संस्कारों को समझने और आत्मसात करने की भावना स्पष्ट झलक रही थी। आयोजकों ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कारों और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आज के आधुनिक युग में जहां शिक्षा केवल अंकों और प्रमाण पत्रों तक सीमित हो गई है, वहीं गायत्री परिवार शिक्षा में संस्कार और चरित्र निर्माण को जोड़ने का प्रयास कर रहा है। परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों को गायत्री मंत्र जाप और नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रेरणादायक लघु कथाओं के माध्यम से जागरूक किया गया। परीक्षा के दौरान वातावरण पूर्णतः अनुशासित, शांत और प्रेरणादायक रहा। विद्यार्थियों को गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के आदर्शों से अवगत कराया गया, उन्हें जीवन में सत्य, निष्ठा, परिश्रम, विनम्रता और मानव सेवा जैसे गुण अपनाने का संकल्प दिलाया गया।

# कई विद्यालयों में नहीं हुई शिक्षक पालक मेगा बैठक

**बैकुण्ठपुर।** शिक्षा सत्र 2025-26 में द्वितीय शिक्षक पालक मेगा बैठक 13 अक्टूबर को निर्धारित थी, लेकिन रविवार अवकाश के बाद सोमवार को उक्त बैठक जिले के कई विद्यालयों में आयोजित नहीं हो पाई ,जबकि यह बैठक पूर्व निर्धारित थी, लेकिन शनिवार प्रातःकालीन स्कूल के बाद रविवार अवकाश हो गया और इसकी सूचना पालकों एवं समिति के सदस्यों को कई विद्यालयों के द्वारा नहीं दी गई थी, इस तरह आनन-फानन में 13 अक्टूबर को द्वितीय शिक्षक पालक मेगा बैठक के लिए अचानक पालकों को सूचना कई विद्यालयों के द्वारा दी गई। ऐसे में कई विद्यालय जहां अचानक उक्त बैठक का आयोजन किया गया तो कई पालक बैठक में शामिल नहीं हुए, वहीं जहां पूर्व से सूचना दी गई थी, वहां शिक्षक व पालकों की बैठक हुई और बच्चों की पढ़ाई को लेकर आवश्यक चर्चा की कई। उल्लेखनीय है कि विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले पहली पालक शिक्षक मेगा बैठक 8 अगस्त को आयोजित की गई थी। पहली बैठक को लेकर उत्साह रहा और इस दिन जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षक पालक मेगा बैठक आयोजित की गई थी। द्वितीय शिक्षक पालक मेगा बैठक 13 अक्टूबर को निर्धारित थी, लेकिन इसे गंभीरता से ध्यान नहीं दिए जाने के कारण पालकों को पूर्व में कम ही विद्यालयों के द्वारा सूचित किया गया, ज्यादातर विद्यालयों के द्वारा 13 अक्टूबर बैठक दिवस ही सूचना भेजी गई, ऐसे में कई पालक बैठक में उपस्थित भी नहीं हो पाए ,कई विद्यालयों में तो शिक्षक पालक का इंतजार भी करते रहे।

### डिजास्टर मैनेजमेंट पर जागरूकता कार्यक्रम

**बैकुंठपुर।** जिला अस्पताल बैकुंठपुर में राजवाड़े इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित सहायता, बचाव कार्य एवं सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में छात्रों ने प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, आगजनी, महामारी और सड़क दुर्घटनाओं से निपटने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। छात्रों ने पोस्टर और चार्ट के माध्यम से यह समझाया कि आपदा के समय कैसे शांत रहकर सही कदम उठाए जाएं, प्राथमिक उपचार कैसे दिया जाए और लोगों को सुरक्षित स्थानों तक कैसे पहुंचाया जाए। नर्सिंग विद्यार्थियों ने डेमो प्रस्तुत कर सीपीआर, फर्स्ट एड और इमरजेंसी रेस्पॉन्स की तकनीकें भी दिखाई।

# गंदगी में डूबा पौनी पसारी का शौचालय

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर-चरचा के पौनी पसारी क्षेत्र में स्थित सामुदायिक शौचालय की दुर्दशा ने नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विगत कई महीनों से इस शौचालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, इसके चलते आसपास के रहवासी और बाजार आने वाले लोग परेशानियों का सामना कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार सफाई निरीक्षक को फोन पर सूचना देने के बावजूद सफाई कार्य नहीं कराया जा रहा है। शौचालय के आसपास फैली गंदगी और बदबू के कारण वहां कुछ मिनट रूकना भी मुश्किल हो गया है। जमा पानी और गाजर घास के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। एक ओर नगर पालिका प्रशासन स्वच्छता अभियान के नाम



पर सफाई का संदेश देने में सक्रिय दिखाई देता है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर स्थिति बिल्कुल विपरीत है। पौनी पसारी में बना यह सामुदायिक शौचालय नगर पालिका की उदासीनता का जीवंत उदाहरण बन गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सफाई निरीक्षक केवल मौखिक आश्वासन देते हैं, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं किया जाता। इस क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार और प्रतिदिन सब्जी बाजार लगता है, जहां सैकड़ों लोग आते हैं, परंतु सफाई व्यवस्था के अभाव में लोगों को गंदगी और दुर्गंध का सामना करना पड़ता है।

शनिवार को जब एक स्थानीय पत्रकार ने सफाई निरीक्षक को इस समस्या से अवगत कराया तो उन्होंने तत्काल कर्मचारी भेजने का आश्वासन दिया था, किंतु कई दिन बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ से मांग की है कि पौनी पसारी क्षेत्र की तत्काल सफाई कराई जाए और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।




## खबर संक्षेप



### लहपटरा स्कूल में 50 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

**लहपटरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहपटरा में मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत 50 बालिकाओं को साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल, दिनेश बारी, गोपाल सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर किया गया। संस्था की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। अतिथियों का स्वागत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया एवं अतिथियों का स्वागत संस्था की प्राचार्य श्रीमती जेरमिना किण्डो एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। अतिथियों द्वारा शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने हेतु शासन द्वारा उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में बताया। मंत्री राजेश अग्रवाल के सौजन्य संस्था के सभी बच्चो को पानी बोतल एवं अभ्यास पुस्तिका, कॉपी का वितरण किया गया। छात्राएं सामग्री पाकर खुश नजर आए। इस दौरान एसपी जायसवाल, राजेश सिंह, विष्णु राजवाड़े, राम प्रवेश राजवाड़े, अजय राजवाड़े के अलावा संस्था के सुषमा पाण्डेय, अन्नपूर्णा सिंह, धनंजय तिवारी, बृजेश पाण्डेय एवं समस्त स्टॉफ के अलावा बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।

गांव में नहीं है शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

# ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर ग्राम पंचायत आसनडीह के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

**खास बात**

- जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन से लगा चुके है गुहार

चौमुखी विकास के इस दौरान में आज भी जिले के कई ग्राम पंचायत आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। कुछ इस तरह की स्थिति लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आसनडीह डांरपारा की है। जहां आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी स्वच्छ जल के अभाव में ढोढी का पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि गांव में एक भी हैंडपंप नहीं है और गांव के लोग जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन से एक हैंडपंप की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई बार गुहार लगा चुके है लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो सका। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत आसनडीह डांरपारा में आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। आज भी ग्रामीणों को गांव के बाहर खेत में स्थित ढोढी के पानी को पेयजल के लिए उपयोग करना पड़ता है। ग्रामीणों ने पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए सरपंच, ग्राम सभा सहित अधिकारियों को समस्याओं को लेकर शिकायत की गई परंतु आज तक क्षेत्र के लगभग 40 घरों की इस बस्ती की समस्या दूर नहीं हो सकी। ऐसे में गांव के लोग ढोढ़ी के पानी पीने के लिए मजबूर है। ग्रामीणों के बताया कि अन्य मौसम की अपेक्षा बरसात में उनकी परेशानी काफी बढ़ जाती है। बारिश के कारण एक मात्र उपयोग किए जाने वाले ढोढ़ी का पानी भी गंदा हो जाता है जो पीने योग्य नहीं होता। इसके अवाला ढोढी को ईट से जोड़ कर पक्का और सुरक्षित किया गया है लेकिन ढोढी की सफाई नहीं होने से हर समय बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। बावजूद इसके गांव में शुद्ध पेयजल की सुविधा के तौर पर हैंडपंप नहीं होने के कारण गांव के लोग निस्तारण सहित पेयजल के लिए ढोढ़ी के पानी का उपयोग करने को मजबूर है।



ढोढ़ी से पानी ले जाती महिलाएं।

**बीमार पड़ते है लोग**

गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से हर रोज गांव के लोग गंदे पानी पीने की वजह से बीमार पड़ जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व गंदे पानी पीने से गांव में डायरिया बीमारी हो गई थी जिससे कई लोग बीमार पड़ गए थे। हालांकि समय पर उपचार कराने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। इस तरह की स्थिति गांव में बरसात के दौरान ढोढ़ी का गंदा पानी के उपयोग करने से हर वर्ष होता है। बावजूद इसके आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। गांव में हर वर्ष उल्टी-दस्त से कई लोग पीड़ित होते है जिसका मुख्य कारण गंदा पानी है।

**ग्रामीणों ने की हैंडपंप खनन की मांग**

ग्रामीणों में बताया कि गांव में सड़क व बिजली तो है परंतु शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। गांव में एक हैंडपंप तक नहीं है। इधर नल जल मिशन योजना के तहत गांव के घरों में नल लगाने व पानी टंकी निर्माण कई साल से अधूरा है। ऐसे में लोग ढोढ़ी के पानी का उपयोग करने को मजबूर है। गांव में एक दो लोग अपने घरों में बोर कराया है लेकिन लो वोल्ट होने से सबमर्सिबल पंप भी काम नहीं करता। ऐसे में गांव में कम से कम एक हैंडपंप खनन हो जाती तो पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हो जाती। ग्रामीणों ने गांव में हैंडपंप खनन की मांग की है।

# विक्षिप्त महिला को मिला सखी सेंटर में आश्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- डीएलएसए, पुलिस और नागरिकों ने मिलकर बचाया विक्षिप्त महिला को



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन और सचिव डीएलएसए, पायल टोपनो के त्वरित दिशा- निर्देशन में, रात के अंधेरे में भटक रही एक विछिप्त महिला को तत्काल रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया। यह घटना स्थानीय प्रशासन, पुलिस और जागरूक नागरिकों के उत्कृष्ट समन्वय की कहानी बयां करती है।

व्हाट्सएप से मिली पहली सूचना की शुरुआत शनिवार देर रात हुई। स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप पर एक पोस्ट शेयर किया गया, जिसमें ग्राम उमापुर में एक विक्षिप्त महिला के भटकने की जानकारी और उसकी तस्वीर थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में कार्यरत अधिकार मित्र सत्य नारायण ने इस पोस्ट को गंभीरता से लिया और तुरंत सचिव पायल टोपनो को इसकी जानकारी दी। सचिव ने बिना समय गंवाए इसे अतिसंवेदनशील मामला मानते हुए महिला का पता लगाने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। रात 8 बजे ग्राम मोरगा से हुई पहचान पूरे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम महिला का पता लगाने में जुटी रही। दूसरे दिन रात लगभग 8 बजे, ग्राम मोरगा के एक जागरूक नागरिक पिंटू राजवाड़े ने अधिकार मित्र को फोन पर बताया कि वही महिला उनके गांव में भटक रही है।

सूचना मिलते ही सचिव पालय टोपनो ने मानवता को प्राथमिकता देते हुए, बिना किसी देरी के महिला को तत्काल सुरक्षित रेस्क्यू कर सखी रेन्टर लाने का निर्देश दिया ताकि उसकी आवश्यक देखभाल और चिकित्सा सहायता मिल सके। रेस्क्यू टीम में अधिकार मित्र श्रीमती आशा गोंड, सत्य नारायण और पुलिस के प्रधान आरक्षक राम जनत प्रधान एवं आरक्षक गणेश सिंह ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला और महिला को रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया, जहां अब वह सुरक्षित है और उसकी देखभाल की जा रही है।

# शिक्षा गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार एवं त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा



समीक्षा बैठक को संबोधित करते शिक्षा विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में शिक्षा गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार एवं त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा हेतु सूरजपुर जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में संयुक्त संचालक संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक दो चरणों में संपन्न हुई प्रथम चरण में ओड़गी एवं द्वितीय पाली में सूरजपुर रामानुजनगर और प्रेम नगर के संस्था प्रमुख बैठक में शामिल हुए,बैठक में मुख्य रूप से एनएएस परख कार्यक्रम, तिमाही परीक्षा परिणाम पर समीक्षा एवं बोर्ड परीक्षा पर चर्चा, ब्लू प्रिन्ट पर चर्चा, कक्षा 5 वीं, 8 वीं में होने वाले बोर्ड परीक्षा के संबंध में तथा युडाईस एवं अपार आईडी निर्माण पर चर्चा की गई,संयुक्त संचालक संजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में ड्रॉप आउट की समस्या बहुत गंभीर है। ड्रॉपआउट शून्य करने और सकल नामांकन अनुपात को 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य हम सभी को अनिवार्य रूप से हासिल करना है,उन्होंने कहा कि सभी प्राचार्य यहां से जाने के बाद अपने-अपने विद्यालय में अपने स्टाफ के साथ बैठकर त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की विषय वार समीक्षा पुनः कीजिए और देखिए कौन से छात्र छात्राएं किस विषय में ज्यादा कमजोर हैं।डीईओ अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि जो आदेश और निर्देश राज्य और संभाग से प्राप्त होते हैं,उसे हम लोग तत्काल आप लोगों तक प्रेषित कर देते हैं,उस पर आप सभी त्वरित कार्यवाही करें,वह केवल मोबाइल तक ही सीमित ना रहे। सूरजपुर जिले को शैक्षणिक गतिविधियों में सबसे आगे ले जाने के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आधार अपडेशन एवं जिन बच्चों का आधार नहीं है, उसे बनाने के लिए कलेक्टर के आदेशानुसार सभी संकुलों में अलग-अलग तिथियों में आधार कैंप लगाया जा रहा है। बैठक में डीएमसी शशिकांत सिंह, सहायक संचालक रविंद्र सिंह देव, सूरजपुर बीईओ हरेंद्र सिंह, प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य, पीसी सोनी, शम्भू निषाद व सभी विकासखंडों के बीईओ और प्राचार्य उपस्थित थे।

# संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष की चयन प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- कांग्रेस संगठन में दिखी गुटबाजी
- कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए 11 लोगों ने की दावेदारी




पत्रकारों से चर्चा करते आब्जर्वर विकास भाऊ ठाकरे।

जिले में कांग्रेस संगठन को पुनः मजबूत और सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिले में संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष बनाने की प्रक्रिया का शुभारंभ हो गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त आब्जर्वर विकास भाऊ ठाकरे ने यहां दावेदारों से पार्टी द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन प्राप्त कर रायशुमारी की प्रक्रिया का आगाज किया। इस अवसर पर पार्टी की गुटबाजी और अंदरूनी खींचतान भी साफ झलकती नजर आई।

जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए 11 दावेदारों ने आवेदन प्रस्तुत किए हैं। इनमें वर्तमान अध्यक्ष भगवती राजवाड़े के अलावा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव शशि सिंह, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजय डोशी, कांग्रेस नेता आरके ओझा, प्रदेश सचिव अनुपम फिलिप, जिला महासचिव रामचंद्र यादव, पूर्व डीडीसी उषा सिंह, मेहंदी यादव और मुकेश अग्रवाल शामिल हैं। न्यू सर्किट हाउस में रायशुमारी के दौरान सभी दावेदार अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, जिससे माहौल में गहमागहमी बढ़ गई। कई स्थानों पर आपसी खींचतान भी देखने को मिला। एआईसीसी आब्जर्वर नागपुर पश्चिम के विधायक विकास ठाकरे के साथ पीसीसी आब्जर्वर द्वारकाधीश यादव एवं छन्नी साहु भी सूरजपुर पहुंची थी। इस दौरान एआईसीसी आब्जर्वर ने जिला कांग्रेस कमेटी सूरजपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व शहर कांग्रेस कमेटी के साथ विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से भेंट कर चर्चा की। कांग्रेस की संगठन सृजन कार्यक्रम में पर्यवेक्षकों द्वारा पोलिंग स्तर तक के कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर छह लोगों के नामों का पैनल एआईसीसी को भेजना है, जिसके लिए यह प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पर्यवेक्षक दल से मुलाकात कर अपनी रायशुमारी करने के साथ दावेदारों के पक्ष में उनका मजबूत दावा रखने के लिए उपस्थित हुए थे। इस दौरान पूर्व विधायक खेलसाय सिंह, पारसनाथ राजवाड़े, शशी सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, रामकृष्ण ओझा, ब्लॉक अध्यक्ष अश्विनी सिंह, पंकज तिवारी, जफर हैदर, मनोज अग्रवाल, अनुपम फिलिप, मुकेश अग्रवाल, मेहंदी यादव, आकाश साहू, कुंदन विश्वकर्मा, संतोष पावले, लेवनेश सिंह, चंदन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**नहीं चलेगी सिफारिश**

एआईसीसी ऑब्जर्वर विकास भाऊ ठाकरे ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य बताया और चल रही प्रक्रियाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटियों को सक्रिय व सक्षम बनाना है, इस बार जिला अध्यक्ष का चयन कोई राजनीतिक दबाव व सिफारिश से नहीं होगा बल्कि पूरी तरह रायशुमारी और पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। ब्लॉक से लेकर बीएलए तक सभी स्तरों से राय लेकर योग्य और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाले को ही जिला अध्यक्ष का जिम्मेदारी दी जाएगी।

**2019 में 13 पार्षद मिलकर भी नहीं बना सके थे नपा उपाध्यक्ष**

कांग्रेस में आपसी तालमेल का अनोखा उदाहरण 2019 के नगर पालिका चुनाव में देखा गया था। जहां कांग्रेस के 13 पार्षद मिलकर भी अपना उपाध्यक्ष नहीं बना सके थे, जबकि भाजपा के 3 पार्षद और निर्दलीय के 2 पार्षद थे इसके बाद भी भाजपा को बहुमत प्राप्त हुआ था। ऐसे में कांग्रेस गुटों में बट कर रह गई है, जहां सभी गुटों के आकाओं को खुश रखना एक कार्यकर्ता के बस की बात नहीं है। कांग्रेस पार्टी के जड़ में जो माठा डाल रहे हैं वो कांग्रेस के उच्च पद पर आसीन है,जो अपने रुतबे के चलते दूसरे गुट के कार्यकर्ताओं को सफल होने देना नहीं चाहते। ऐसे में कांग्रेस में अगर निष्पक्ष और पारदर्शी की बात करे तो यह महज बेमानी सी लगती है।

# लिटिल फ्लावर स्कूल में प्रथम छात्र संसद का गठन



**रामानुजगंज।** लिटिल फ्लावर स्कूल अपने आरंभिक काल से ही शिक्षा, अनुशासन और समाज विज्ञान के क्षेत्र में प्रयोग और नवाचार का केंद्र रहा है। मौलिक विचारक बजरंग मुनि के संरक्षण में विद्यालय ने पूर्व में भी अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आज विद्यालय में प्रथम छात्र संसद की बैठक आयोजित की गई। कक्षा 1 से 10 तक के सभी कक्षाओं के कक्षा नायक एवं वरिष्ठ वर्ग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री पद के लिए सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली खुशबू कश्यप को विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं छात्र संसद के सभापति अशोक कुमार गुप्ता ने शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री पद की दावेदारी में दूसरा सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली नैना लकड़ा को उप प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। वहीं ऋषभ को शिक्षा मंत्री पद पर शपथ ग्रहण कराया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि छात्र संसद की बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। संस्कृति, खेल, पुस्तकालय, अनुशासन और स्वास्थ्य जैसे विभागों के लिए भी मंत्रियों का चयन प्रधानमंत्री अपने सहयोगियों के साथ मिलकर करेंगे। यह भी तय हुआ कि प्रत्येक छात्र संसद में प्रधानाचार्य पदेन सभापति तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के उप सभापति पदेन उप सभापति रहेंगे। छात्र संसद की योजना और कार्यप्रणाली की व्याख्या करते हुए ज्ञान यज्ञ परिवार के प्रभारी प्रबंधक ज्ञानेंद्र आर्य ने कहा कि छात्र संसद विद्यालय की प्रबंध समिति से भी अधिक महत्वपूर्ण इकाई है। इसका उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच एक बेहतर संवाद और सहयोग की भावना विकसित करना है ताकि शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व प्रशिक्षण भी छात्रों को प्राप्त हो सके। उपसभापति रवि रंजन पाल ने छात्र संसद को आश्वासन दिया कि छात्रों द्वारा लिए गए निर्णयों को वरीयता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब से कक्षाओं की व्यवस्था, और अध्ययन की गुणवत्ता की जिम्मेदारी भी छात्र संसद की होगी।

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :-12 अक्टूबर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अक्टूबर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विषेशज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB (Ortho) MNAMS हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - MS, ENT नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती - चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH मुंबई
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
1.5 TESLA MRI
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262839090
आयुश्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
स्वस्थ प्रेगनेंसी से लेकर नवजात शिशु की देखभाल एवं ईलाज के लिए उत्कृष्ट केंद्र
उपलब्ध ऑपरेशन सेवाएं
1. बच्चेदानी का ऑपरेशन 4. सर्जरी द्वारा प्रसव (LSCS)
2. महिला नसबंदी (LTT) 2. बच्चेदानी की सफाई (D&C)
3. नॉर्मल डिलीवरी
ऑपरेशन थियेटर
सोनोग्राफी सुविधा
डॉ.गिरीश पैंकरा
MBBS, DCH Pediatrics
बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (DBS & GYN)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
। 9424250281 । 8120906000 । 8120809000 ।

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौंक, अम्बिकापुर मो. 9826461355


SINCE 1980
श्री जगदम्बा आभूषण भण्डार
गोल्ड, सिल्वर एवं डायमंड ज्वेलर्स
पूष्य नक्षत्र
की हार्दिक
शुभकामनाएं
इस शुभ योग में
समृद्धि का शुभ संयोग
इस अवसर को ना जाने दीजिये, स्वर्ण समृद्धि घर आने दीजिये
शुभ मुहूर्त - 14 एवं 15 अक्टूबर, 2025
चांदी के HUID हॉलमार्क
सिक्के उपलब्ध
ENJOY PREMIUM SHOPPING EXPERIENCE
WITH BEAUTIFUL RANGE & BEST SERVICES
उच्च गुणवत्ता वाले हॉलमार्क सोने के जेवर उपलब्ध | चांदी के हॉलमार्क जेवर उपलब्ध | नवरत्न एवं उपरत्नों का विशाल संग्रह
हॉलमार्क
है तो सोना है
हॉलमार्क आभूषण पर ये निशान अवश्य देखें
BIS का प्रतिक चिन्ह
सोने की गुणवत्ता
6 अंक अक्षरांकीय HUID कोड
BIS RULES
22K 916
18K 750
कैरेटमीटर द्वारा हॉलमार्क सोने
के शुद्धता व गुणवत्ता के सम्पूर्ण जांच की
मुफ्त सुविधा उपलब्ध
पता – सदर रोड, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.) 94077 13148

## आपूर्ति शुरू होने से गांव हुआ रौशन

# शंकरगढ़ की पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में पहली बार पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आजादी के बाद भी अंधेरे में जीवन गुजर बसर कर रहे लोगों की जिंदगी में अब रौशन हुई है। शासन की पहल से पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में बिजली की आपूर्ति शुरू हुई।

**खास बात**

- बस्ती में रहते हैं कुल छह परिवार

विद्युत सप्लाई शुरू होने के बाद गांव में लोगों घर में पहली बार बल्ब जले। बता दें कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड का ग्राम बरपानी के पहाड़ी कोरवा बस्ती है। इस बस्ती में कुल 6 पहाड़ी कोरवा परिवार निवास करते है। इस बस्ती के ग्रामीण आज भी लालटेन युग में अपना जीवन बसर कर रहे थे। गांव में शाम ढलते ही अंधेरा हो जाता था और लोग अपने घरों के अन्दर दुबकने को मजबूर हो जाते थे। विद्युत सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को दिन के समय ही अपने काम निपटाने पड़ते थे। अब प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की पहल पर गांव में विद्युत आपूर्त शुरू हुई है। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों में तेजी से विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे दूरस्थ गांव, जहां कभी बिजली के खंभे देखना भी सपना था, आज वहां घर-घर बल्ब जल रहे हैं।

इसी अभियान के तहत पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में भी विद्युत लाइन का विस्तार कर ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति दी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले उन्हें शाम ढलने तक सारे काम निपटाने पड़ते थे, क्योंकि रात होते ही पूरा क्षेत्र घने अंधेरे में डूब जाता था। अब हालात बिल्कुल बदल गए हैं। रात का सन्नाटा अब रौशनी से जीवन की चहल-पहल में बदल गया है।


पहाड़ी कोरवा के घर में रौशन बल्ब।

## पेज 3 के शेष...

### शहरवासियों को जर्जर सड़क...

लोगों को धूल के गुबार और जर्जर सड़क के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सडकों को लेकर नगर निगम में विपक्ष ने जमकर हंगामा मचाया और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। इन सब के बीच शहर में जर्जर सड़कों के निर्माण हेतु नगर निगम ने शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा था और शासन से विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किया गया था और अब टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। नगर निगम सरकार ने वर्तमान में कुल 18 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लिए टेंडर किया है जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736







